RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 25 • 08:02:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-




## आने वाली सदियां स्वर्णिम काल को इतिहास में दर्ज करेंगी: पीएम

### धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन, कांग्रेस को जमकर सुनाया

**कहा-कांग्रेस ने अपने युवराज को स्टार्टअप बनाकर दिया, ना वो लिफ्ट हो रहा, ना ही लॉन्च**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सख्त जवाब दिया। उन्होंने कहा कि खड़गे जी ने 400 सीटों का आशीर्वाद दिया। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप 40 सीटें बचा पाएं। इससे पहले लोकसभा में 5 फरवरी को मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा था। कहा था कि एक ही प्रोडक्ट को कई बार लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई है। देश के साथ-साथ कांग्रेस ने भी परिवारवाद का खामियाजा भुगत रही है। ये विपक्ष कई दशक तक सत्ता में बैठा था, वैसे ही इस विपक्ष ने कई दशक तक विपक्ष में बैठने का संकल्प लिया है। ये शब्दों का खेल नहीं है, ये हमारा कमिटमेंट है। हमारी हर सांस, हर पल इसीलिए समर्पित है। इसी भावना के साथ हम चल रहे हैं, चलते रहेंगे। आने वाली सदियां स्वर्णिम काल को इतिहास में दर्ज करेंगी। देश की जनता का मिजाज मैं समझ रहा हूं। देश ने बदलाव के 10 साल देखे हैं। हर संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाना हमारी कार्यशैली का हिस्सा है।



### गरीबी से बाहर आए लोगों को मुफ्त अनाज मिलता रहेगा

हमने सामाजिक न्याय का जो मोदी कवच दिया है, उसे और मजबूत करेंगे। आज कल जब हम कहते हैं कि 25 करोड़ गरीबी से बाहर आए, तो कुतर्क दिया जाता है कि 80 करोड़ को खाना क्यों देते हैं। बीमार को अस्पताल से बाहर आने पर डॉक्टर कहता है ना कि कुछ वक्त खाने-पीने का ध्यान रखिए। इसीलिए गरीबी से बाहर आने पर न्यू मिडिल क्लास का ध्यान ज्यादा रखा जाता है। हम अनाज देते हैं और देते रहेंगे। एक पूरी सरकार मैदान में आकर गलत नैरेटिव गढ़ रही है। झारखंड का बच्चा ओलिंपिक्स में मेडल लेकर आएगा तो हम ये कहेंगे कि तू झारखंड का है। हम ये कहते हैं कि ये देश बच्चा है। हम क्या कर रहे हैं, क्या भाषा बोल रहे हैं। वैक्सीन देश के उस कोने में बनी थी, उस शहर में बनी थी इसलिए देश के बाकी हिस्सों को उसका लाभ नहीं मिलेगा। क्या सोच है, एक राष्ट्रीय दल में एसी सोच बनी। हिमालय बोलना शुरू कर दे कि नदियां मेरे यहां से बहती हैं, पानी का अधिकार मेरा है। जिन राज्यों में कोयला है, वो कह दें कि कोयला नहीं मिलेगा। कोविड के समय ऑक्सीजन की जरूरत थी। पूरब के लोग कह देते कि ऑक्सीजन नहीं देंगे, उन्होंने संकट झेलकर विदेशों तक ऑक्सीजन पहुंचाई। हमारा टैक्स, हमारी मनी, ऐसा बोलना देश के भविष्य के लिए खतरा है। देश को तोड़ने के लिए नए नैरेटिव खोजना बंद कर दो।

## हिंदू कोड है, जो मुसलमानों पर भी थोप रहे

### यूसीसी पर जमकर भड़के असदुद्दीन ओवैसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड विधानसभा में पेश किए गए समान नागरिक संहिता बिल को सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने हिंदू कोड बिल बताया है। उन्होंने कहा कि यह कुछ नहीं बल्कि राज्य के सभी समुदायों पर हिंदू कोड थोपने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इसमें हिंदुओं और आदिवासियों को छूट दी गई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, यह हिंदू कोड है, जो सब पर लागू होगा। पहली बात यह कि इसमें हिंदू अविभाजित परिवार की परिभाषा से छेड़छाड़ नहीं की गई है। ऐसा क्यों। यदि आप उत्तराधिकार और विरासत के लिए एक सा कानून चाहते हैं तो फिर हिंदुओं को इससे बाहर क्यों रखा गया। यदि कोई कानून बहुसंख्यकों पर ही लागू न हो तो उसे समानता वाला कहा जाता सकता है। विवाहित रहते हुए दूसरी शादी, हलाला और लिव-इन रिलेशनशिप की बात की है।



## 1643 किमी लंबी भारत-म्यांमार बॉर्डर पर लगेगी बाड़




• **सीमा सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार ने ले लिया बड़ा फैसला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला लिया है और वह सीमाओं को अभेद्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि सीमा पर बेहतर निगरानी की सुविधा के लिए सीमा पर गश्ती ट्रैक भी बनाया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि सीमा की कुल लंबाई में से मणिपुर के मोरेह में 10 किमी की दूरी पर पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है। इसके अलावा, हाइब्रिड सर्विलांस सस्टिम के माध्यम से बाड़ लगाने की 2 पायलट परियोजनाएं लागू की जा रही हैं।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का मिशन साउथ तेज

### तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायकों की एंट्री, सांसद भी शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण में भारतीय जनता पार्टी मजबूत होती नजर आ रही है। खबर है कि राज्य के 15 से ज्यादा बड़े नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। इनमें कई पूर्व विधायक और पूर्व सांसद शामिल हैं। खास बात है कि यह सियासी घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ है, जब भाजपा दक्षिण में विस्तार की कोशिश में जुटी हुई है। तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद भाजपा में शामिल हो गए हैं। सोमवार को नेताओं ने नई दिल्ली में पार्टी की सदस्यता ली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इनमें अधिकांश नेता ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम यानी एआईएडीएमके से हैं। इससे पहले भाजपा राज्य में एआईएडीएमके के साथ चुनाव लड़ती थी। खास बात है कि भाजपा लगातार दक्षिण तक विस्तार के प्रयास में लगी हुई है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल पहुंचे थे, जहां उन्होंने रैली की थी। आंकड़े बता रहे हैं कि 2014 लोकसभा के मुकाबले केरल की कुछ सीटों पर भाजपा की स्थिति 2019 तक मजबूत हुई थी।




## विस्फोट दो हिस्सों में नहीं होता तो पता नहीं क्या होता

**● हरदा फैक्ट्री ब्लास्ट को लेकर बोले मुख्यमंत्री मोहन यादव ● मंत्री राव उदय प्रताप बोले-चूक की गुंजाइश हमेशा रहती है**

**हरदा (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 11 लोगों की मौत हो गई। 217 लोग घायल हो गए, इनमें फैक्ट्री के 51 मजदूर शामिल हैं। 73 लोग हरदा, इंदौर, भोपाल और नर्मदापुरम के अस्पतालों में भर्ती हैं। 38 घायलों को हरदा से रेफर किया गया है। अब तक 95 लोगों को अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा चुका है। जिस बेसमेंट में बारूद था और मजदूर काम कर रहे थे, उसका मलबा हटाया जा रहा है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा, हरदा की घटना हमारी परीक्षा थी। विस्फोट दो हिस्सों में नहीं होता तो पता नहीं क्या होता। कमिश्नर ने बताया कि मलबा हटाया गया है। यह बहुत गर्म था। टेम्प्रेचर करीब 5 हजार डिग्री सेल्सियस था। जिस पर 32 फायर ब्रिगेड वाहनों से पानी थ्रो किया गया। करीब 12 पोकलेन मशीन की मदद से उसे हटाया गया है। छतों के कांक्रीट को तोड़कर क्लीयर किया गया है। करीब एक हजार कर्मचारी इस काम में जुटे थे। नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हो चुका है। 184 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। इस घटना में 11 लोगों की मौत हुई है। एक महिला मिसिंग रिपोर्ट हुई है। वहीं 11 में से एक डेड बॉडी ऐसी महिला की है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। आशंका है कि वो उसी की हो सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने हरदा मामले में आतंकी साजिश की आशंका जताते हुए कहा- हरदा हमेशा से सिमी का गढ़ रहा है। अवैध स्थान पर इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का होना सरकार के लिए जांच का विषय है।





## साउथ टैक्स मूवमेंट, एक हुए कर्नाटक और केरल

### दिल्ली में हो रहा आंदोलन, धरने पर कर्नाटक की सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री एम. सिद्धारमैया राज्य के 135 विधायकों और सांसदों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचे हैं। यहां ये लोग आंदोलन कर रहे हैं और केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि उसने राज्य के फंड में कटौती की है और सौतेला व्यवहार कर रही है। उसके इस आंदोलन को केरल की सरकार से भी समर्थन मिल रहा है और यह पूरा मामला दुर्भाग्यपूर्ण तौर पर देश में दक्षिण बनाम उत्तर बनता जा रहा है। गुरुवार को केरल की कैबिनेट भी दिल्ली में प्रदर्शन करने वाली है। इन दोनों सरकारों के आंदोलन के बीच कांग्रेस के कई नेताओं ने टैक्स के पैसों के आवंटन में भेदभाव के आरोप लगाते हुए ट्वीट भी किए हैं, जिनमें हैशटैग टैक्स का इस्तेमाल किया गया है। इस तरह के ट्वीट्स ने भी साउथ बनाम नॉर्थ की राजनीति का माहौल बना दिया है। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के आर्थिक सलाहकार बसवराद रायरेड्डी का कहना है कि हम लोग 16वें वित्त आयोग पर दबाव बनाएंगे कि वह साउथ के राज्यों के लिए फंड आवंटन में ख्याल रखे कि उनके साथ अन्याय न हो। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि साउथ के राज्य इस मामले में एकजुट होकर लोकसभा चुनाव के बाद ही मांग करेंगे। हम इस मामले में केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु की भी कांग्रेस यूनिट से बात कर रहे हैं।

## उत्तराखंड पहला राज्य बना जहां यूसीसी बिल पास हुआ

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड विधानसभा में बुधवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी यूसीसी बिल ध्वनिमत से पास हो गया। इसी के साथ यूसीसी बिल पास करने वाला उत्तराखंड आजाद भारत का पहला राज्य बन गया है। सीएम पुष्कर धामी ने 6 फरवरी को विधानसभा में यह बिल पेश किया था। बिल पास होने के बाद अब इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की मुहर लगते ही यह बिल कानून बन जाएगा और सभी को समान अधिकार मिलेंगे। भाजपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में यूसीसी लाने का वादा किया था। इस बिल के कानून बनते ही उत्तराखंड में लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों को रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी हो जाएगा।



## महाराष्ट्र में 'ओबीसी' को लेकर ऐक्टिव हुई एकनाथ शिंदे सेना

• **शुरू हुए नए समीकरण के सियासी तीर, कर रही जाति जनगणना की मांग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों सब ठीक नहीं चल रहा है। मराठों को कुनबी समुदाय के तहत आरक्षण दिए जाने के बाद से सत्ताधारी गठबंधन के बीच खटपट सामने आ चुकी है। पिछले दिनों राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार के कैबिनेट मंत्री और बड़े ओबीसी नेता छगन भुजबल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अब एकनाथ शिंदे कैम्प के शिवसेना सांसद और ओबीसी नेता प्रताप राव जाधव ने संसद में राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना की मांग की है। यह ऐसा मुद्दा है, जिसका बीजेपी ने अब तक खुलकर समर्थन नहीं किया है। बुलढाणा से लोकसभा सांसद प्रतापराव जाधव ने जम्मू-कश्मीर के स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी को आरक्षण देने वाले विधेयक पर बहस के दौरान कहा कि महाराष्ट्र में ओबीसी आबादी का प्रतिशत बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, यदि 2026-27 में सामान्य जनगणना के साथ-साथ जाति जनगणना भी कराई जाए तो उन राज्यों में ओबीसी के लिए आरक्षण बढ़ाया जा सकता है, जहां उनकी जनसंख्या अधिक पाई जाएगी।



## क्या आईएएस और आईपीएस के बच्चों को भी मिलता रहे आरक्षण

**आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा सवाल, दलित जज ने ही घेरा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब में अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण को लेकर 2006 में एक फैसला लिया गया था। इसके तहत वाल्मीकि और मजहबी सिखों को महादलित का दर्जा दिया गया था और कुल 15 फीसदी आरक्षण में से आधा हिस्सा उनके लिए रिजर्व किया गया था। इस तरह दो समुदायों को एससी आरक्षण में प्राथमिकता मिली थी, लेकिन 2010 में हाई कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। अब पंजाब सरकार इसके बचाव में उच्चतम न्यायालय पहुंची है, जहां आरक्षण को लेकर दिलचस्प बहस चल रही है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने इस मामले में अहम टिप्पणी करते हुए सवाल किया कि पिछड़ी जातियों के जिन लोगों को आरक्षण का फायदा मिल चुका है, क्या वे इसे अब छोड़ नहीं सकते ताकि उनके ही वर्ग के दूसरे लोगों को इसका फायदा मिले। खुद दलित समुदाय से आने वाले और अगले साल मई में चीफ जस्टिस बनने जा रहे बीआर गवई ने कहा, अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग का एक शख्स यदि आईएएस या आईपीएस बन जाता है तो उसके पास बेहतरीन सुविधाएं होती हैं। कोई अभाव नहीं रह जाता। इसके बाद भी उसके बच्चों और फिर बच्चों के भी बच्चों को आरक्षण मिलता है। सवाल यह है कि क्या यह जारी रहना चाहिए। पंजाब के एडवोकेट जनरल गुरमिंदर सिंह ने अपना पक्ष रखा।



## 2024 के लिए शरद पवार ने 24 साल बाद बनाई नई पार्टी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में अजित गुट के खेमे को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी करार दिए जाने के बाद शरद पवार ने नई पार्टी का बना ली है। शरद पवार गुट को अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के तौर जाना जाएगा। चुनाव आयोग के फैसले के बाद शरद पवार गुट की तरफ से आयोग में तीन नाम दिए गए थे। इनमें से आयोग ने नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) नाम पर मुहर लगाई है। शरद पवार की तरफ से आयोग को तीन नाम भेजे गए थे।



## पाकिस्तान में वोटिंग से एक दिन पहले 'खूनी' खेल

**आत्मघाती हमले में 14 की मौत, पहले भी कई अटैक**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में आठ फरवरी यानी कल होने वाले आम चुनाव से पहले भीषण हिंसा शुरू हो गई है। बुधवार को एक निर्दलीय उम्मीदवार के दफ्तर के बाहर हुए विस्फोट में कम से कम 14 लोगों की मौत हो चुकी है वहीं 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। ये विस्फोट बलूचिस्तान के पिशिन जिले में हुआ है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पिशिन में विस्फोट का संज्ञान लिया है और सरकार से रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने प्रांतीय मुख्य सचिव और प्रांतीय पुलिस प्रमुख से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। पिशिन के उपायुक्त जुम्मा दाद खान के अनुसार, यहां निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार काकर के चुनाव कार्यालय के बाहर हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 14 लोग मारे गए और 30 घायल हो गए। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) की चुनावी सूची से पता चला है कि काकर एक स्वतंत्र उम्मीदवार हैं जो पीबी-47 लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं और उनका चुनाव चिह्न 'कटोरा' है। अंतरिम बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री अली मर्दन खान डोमकी ने पिशिन में हुए विस्फोट की निंदा की है और आंतरिक मंत्रालय से रिपोर्ट मांगी है। एक बयान में, उन्होंने घटना पर गहरा दुख जताया है।



# इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को 10 हजार रुपये देगी बिहार सरकार, नीतीश कैबिनेट से 14 एजेंडों को मंजूरी

**पटना , एजेंसी।** बिहार सरकार इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को 10 हजार रुपये देने वाली है। सभी सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों को बीटेक के सातवें सेमेस्टर में यह प्रोत्साहन राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बिहार कैबिनेट की बैठक में 14 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। नीतीश कैबिनेट ने 2165 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की योजना को भी मंजूरी दी है। इसके लिए 6010 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बिहार में एनडीए सरकार के गठन के बाद कैबिनेट की यह दूसरी और मंत्रियों के बंटवारे के बाद पहली बैठक है। इससे पहले हुई कैबिनेट मीटिंग में चार एजेंडों पर मुहर लगाई गई थी।

### कार्यालय परिचारी पद के 3.47 लाख आवेदकों का परीक्षा शुल्क माफ

मंत्रिमंडल ने विज्ञान प्रावैधिकी व तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यालय परिचारी के पद पर सीधी नियुक्ति के लिए 2022 में निकाले गए विज्ञापन के लिए परीक्षा शुल्क माफ कर दिया गया है। राज्य सरकार ने 14 करोड़ 92 लाख शुल्क की राशि माफी का निर्णय लिया है। इसका लाभ 3,46,777 आवेदकों को होगा। अब आवेदक इस परीक्षा में बगैर परीक्षा शुल्क दिये ही शामिल हो सकेंगे।

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि विज्ञान प्रावैधिकी व तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 02/2022 के तहत कार्यालय परिचारी के पद पर सीधी नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। आवेदकों से इस संबंध में कियी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया गया था। अब कैबिनेट ने परीक्षा शुल्क माफ करने के विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी। बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है।

### 2165 पंचायत सरकार भवन बनेंगे, 60.10 अरब मंजूर

सूबे में 2165 नए पंचायत सरकार भवनों का निर्माण होगा। इनके निर्माण पर 60 अरब 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि पंचायती राज विभाग के 2165 पंचायत सरकार भवन के निर्माण के प्रस्ताव को सहमति दी गयी है। इनमें 1082 पंचायत सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जबकि 1083 भवन सामान्य क्षेत्रों में बनेंगे। दरअसल, 8053 ग्राम पंचायतों में से अबतक 4236 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इसी क्रम में 2165 ग्राम पंचायतों में भवन निर्माण को मंजूरी दी गयी।



### सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए 140 करोड़

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कैबिनेट ने रेजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफार्मेंस (रैम्प), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के क्षमतावर्द्धन एवं कोविड वैश्विक महामारी के कारण उन पर पड़े दुष्प्रभावों को कम करने के लिए 140.74 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। विश्व बैंक समर्थित सेंट्रल सेक्टर योजना रैंप के तहत वर्ष 2023-24 से 2026-27 के लिए यह राशि स्वीकृत की गयी है। साथ ही 214 संविदा आधारित पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी है।

### इंजीनियरिंग कालेज के बीटेक छात्रों को 10 हजार प्रोत्साहन राशि

राज्य के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए सरकार ने इंटर्नशिप नीति स्वीकृत की है। विज्ञान प्रावैधिकी व तकनीकी शिक्षा विभाग की इस नीति के तहत बीटेक (चार वर्षीय) पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को सातवें सेमेस्टर में 10 हजार प्रोत्साहन राशि मिलेगी। साथ ही राज्य सरकार की संचालित परियोजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कबाड़ी की दुकान में लगी भीषण आग-6 दमकल ने कड़ी मशक्त के बाद पाया काबू, लाखों का नुकसान



**हाजीपुर (वैशाली) , एजेंसी।** वैशाली के भगवानपुर में एक कबाड़ी दुकान में भीषण आग लग गई है। जिससे कबाड़ी दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। वहीं, आग लगने से लाखों की क्षति होने का अनुमान है। आग इतनी भयावह है कि उसपर काबू पाने के लिए दमकल की 6 गाड़ियों को कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर अड्डा चौक रतनपुरा ओवरब्रिज के पास की है। बताया जा रहा है कि ओवरब्रिज के पास मुकेश कुमार साह के कबाड़ी का दुकान है जो बंद था। लेकिन देर रात दुकान से आग की लपटें निकलने लगी। जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना भगवानपुर थाने की पुलिस को दी। जिसके बाद भगवानपुर थाना ने हाजीपुर, गोरौल, बेलसर, से 6 दमकल को बुलाया और मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझाने में जुट गए। आग इतनी भीषण थी कि उसपर काबू पाने में दमकल कर्मियों को घंटों मशक्कत करना पड़ा तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका है।

### बीएयू में किसान मेल 17 से

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय में 17 से 19 फरवरी तक किसान मेला आयोजित किया जाना है। हर वर्ष की तरह इस बार भी इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के किसान पहुंचेंगे। मेला में बीएयू द्वारा विकसित किये गये नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन, विभिन्न प्रकार के बीजों, पौध सामग्री का प्रदर्शन एवं विपणन, किसानों द्वारा तैयार किये गये गुणसंवर्धित उत्पादों की प्रदर्शनी तथा विपणन, बागवानी एवं पशुओं की प्रदर्शनी, कृषि उपादानों की प्रदर्शनी तथा विपणन, किसान गोष्ठी, कृषि ज्ञान प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें प्रगितिशील किसानों को सम्मानित भी किया जायेगा। निदेशक प्रसार शिक्षा विभाग द्वारा यह आयोजित किया जा रहा है।

### छात्रा ने कर्मचारी पर रुपये लेने की शिकायत की

**भागलपुर , एजेंसी।** टीएमबीयू के एक कर्मचारी द्वारा रिश्वत लेते हुये वायरल वीडियो की घटना के बाद एक नया मामला आया है। इसमें एक छात्रा ने कागजात के बदले परीक्षा विभाग के एक कर्मचारी पर एक हजार रुपए वसूलने का आरोप लगाया है। छात्रा ने लिखित शिकायत विवि प्रशासन से की है। शिकायत के बाद कुलपति ने संबंधित कर्मचारी को शोकॉज करने को कहा है लेकिन इसकी फाइल कुलसचिव कार्यालय में पड़ी हुई है। विवि में छात्रों से प्रामणपत्र के बदले पैसे लेने की दूसरी घटना हो गई है। हालांकि उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब जिस कर्मचारी पर आरोप लगा है वह भी परीक्षा विभाग में कार्यरत है। छात्रा ने उस पर सर्टिफिकेट के लिए एक हजार रुपए लेने का आरोप लगाया था। परीक्षा नियंत्रक डॉ. आनंद कुमार झा ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में कार्रवाई के लिये प्रक्रिया करते हुये फाइल बढ़ा दी है। वहीं कुलपति डॉ. जवाहर लाल ने भी कर्मचारी को पहले शोकॉज करने का निर्देश दिया ताकि इसके बाद आगे की कार्रवाई की जा सके, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## खाता धारकों के ब्योरा के लिए चार बैंकों को भेजा पत्र

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** फर्जी वीजा पर बेरोजगरों को उज्बेकिस्तान भेजने वाले रैकेट के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी मामले में चार बैंक खाता धारकों का पूरा ब्योरा लिया जा रहा है। ब्रह्मपुरा थाने की पुलिस ने इस संबंध में पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक को खाता धारकों का ब्योरा के लिए पत्र भेजा है। प्रारंभिक जांच में मुजफ्फरपुर से दिल्ली तक रैकेट जुड़े होने की बात सामने आई है। जॉब के लिए उज्बेकिस्तान भेजने के नाम पर ठगी के शिकार हुए 35 बेरोजगार युवकों ने ब्रह्मपुरा थाना में कंसल्टेंसी से दिए गए फर्जी वीजा व फ्लाइट की टिकट जमा कराई है। सभी शिकायतों को पहले से दर्ज एफआईआर में जांच के लिए टैग कर लिया गया है। ब्रह्मपुरा के प्रभारी थानाध्यक्ष पप्पू कुमार ने बताया कि ठगी के शिकार युवकों से चार अलग-अलग बैंक खातों में रुपए मंगाए गए थे, जिनमें सरूज कुमार, राज आनंद, रोहित कुमार और सिद्धार्थ कुमार सिंह के नाम के बैंक अकाउंट हैं। सभी खाता धारकों के पिता और पूर्ण पता की जानकारी बैंक से मांगी गई है। इन लोगों ने और किन-किन बैंक खातों से लेन-देन की है, इसकी जांच भी की जायेगी। बैंक खातों को किन मोबाइल नंबरों से संचालित किया जा रहा है, यह भी बैंक से मांगा गया है। इसके अलावा शिकायतकर्ताओं ने अलग-अलग तीन मोबाइल नंबर बताए हैं, जिनसे कंसल्टेंसी संचालकों ने उनसे संपर्क किया और बातचीत हुई। इन तीनों मोबाइल नंबर के धारकों का ब्योरा और कॉल डिटेल लेने के लिए भी मोबाइल कंपनी को ई-मेल किया गया है। स्थानीय कार्यालय के आसपास लगे सीसीटीवी का फुटेज भी देखा जा रहा है, ताकि यह पता चल सके कि ठगी के इस रैकेट में कौन-कौन स्थानीय आते-जाते रहे हैं।

# भोजपुरी-मैथिली समेत 7 भाषाओं में इसी सत्र से पढ़ेंगे स्कूली बच्चे, शिक्षकों को मिलेगी ट्रेनिंग


**पटना , एजेंसी।** बिहार के स्कूलों में इसी सत्र से भोजपुरी, मगही, मैथिली समेत सात भाषाओं में पढ़ाई शुरू होने वाली है। पहली से पांचवीं कक्षा के बच्चों के लिए इन भाषाओं में स्टोरी टेलिंग मटेरियल तैयार किया जा रहा है। सूबे की स्थानीय भाषाओं में भाषा और सामाजिक विज्ञान का स्टोरी टेलिंग मटेरियल बनाया जा रहा है। अलग-अलग भाषाओं में टीचर्स हैंडबुक भी तैयार हो रही है। राज्य शिक्षा शोध प्रशिक्षण परिषद ने 2024-25 सत्र से इसे शुरू करने का निर्देश दिया है। शिक्षकों को इसके लिए अलग से ट्रेनिंग भी दी जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा भाषा तथा सामाजिक विज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता के विकास के लिए बिहार की स्थानीय भाषाओं में स्टोरी टेलिंग मटेरियल तैयार किया जा रहा है। इसके लिए कार्यशाला का आयोजन राज्य स्तर पर किया गया है। इसमें अलग-अलग टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के व्याख्याता और शिक्षकों का साधनसेवी के रूप में चयन किया गया है।

### शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे, कार्यशाला में मिलेगी ट्रेनिंग

डीईओ अजय कुमार सिंह ने कहा कि सूबे के जिस इलाके में जिस तरह की भाषा बोली जाती है और स्कूल में किस स्थानीय भाषा के बच्चे आ रहे हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया जा रहा है। इन भाषाओं में संबंधित शिक्षक किस तरह बच्चों को पढ़ाएंगे, इसे लेकर कार्यशाला में ट्रेनिंग मिलेगी। एक्सपर्ट गोपाल फलक ने बताया कि हर पाठ एक स्टोरी से जोड़ कर तैयार किया जा रहा, जिससे बच्चे आसानी से समझ सकेंगे। स्थानीय भाषा और शब्दों के चयन का काम पूरा हो चुका है। अलग-अलग जिलों से अलग-अलग भाषाओं के लिए शिक्षकों की टीम बनाई गई है।



**इन भाषाओं में तैयार हो रहा स्टोरी टेलिंग मटेरियल :** मैथिली, बांग्ला, उर्दू, हिंदी, भोजपुरी, मगही और अंग्रेजी।



## प्रधानाध्यापक शराब के नशे में पकड़े गए

### बोले- नहीं पी है शराब, ब्लड प्रेशर की खाई थी दवा, परिजनों ने किया हंगामा

**नवगछिया, एजेंसी।** नवगछिया के खगड़ा पंचायत के बोड़वा गांवके मध्य विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार झाको परबत्ता पुलिस ने शराब के नशे में स्कूल से गिरफ्तार किया है। प्राचार्य को शराब के नशे में झूमते देख छात्र व छात्रा के परिजन स्कूल पहुंचे और हंगामा करने लगे। इसकी सूचना बीडीओ को दी गई। नवगछिया बीडीओ गोपाल कृष्णा नेमौके पर पहुंच कर लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया। फिर परबत्ता पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राचार्य को हिरासत में लेकर थाने लाई। प्राचार्य की ब्रेथएनलाइजर से जांच की गई। थानाध्यक्ष शंभूकुमार ने बताया कि जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है। प्राचार्य को हिरासत में लिया गया। मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्जकी जाएगी। प्राचार्य का अनुमंडल अस्पताल नवगछिया में मेडिकल जांच करवाया गया।

**शराब पीने का आरोप गलत :** उधर, प्राचार्य ने शराब नहीं पीने की बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि ब्लडप्रेशर की दवा ली थी। जिसके चलते नींद आ गई थी। ग्रामीणों की ओर से लगाया गया शराब पीने का आरोप निराधार है। कुछ दिनपूर्व स्कूल के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट के लिएगांव के लोग चंदा मांगने आए थे। चंदा नहीं देने पर लोग नाराज हो गए थे। इसलिए झूठाआरोप लगा रहे हैं। बीडीओ ने हंगामें की सूचना थाने को दी गई थी। नवगछिया प्रखंड विकास पदाधिकारीगोपाल कृष्ण का कहना है कि विद्यालयमें हंगामे की सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद लोगों कोसमझा बुझाकर शांत करवाया गया।ताकि विधि व्यवस्था कायम रहे। हंगामे की जानकारी थाने को दी गई थी।थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचकर प्रधानाध्यापक को हिरासत में ले लिए हैं।

# शराबबंदी वाले बिहार में 1 करोड़ की अंग्रेजी दारू जब्त, तस्करी का तरीका देख पुलिस हुई दंग



**हाजीपुर , एजेंसी।** बिहार के हाजीपुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के नाईपर के समीप से मंगलवार की सुबह औद्योगिक थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक करोड़ की शराब बरामद की। मंगलवार की सुबह हुई इस कार्रवाई में एक 14 चक्का ट्रक से 946 कार्टन विदेशी शराब पुलिस ने जब्त की है। बरामद हुई शराब मूंगफली के भरे बोरे के पीछे छिपा कर रखी गई थी। धंधेबाजों के द्वारा शराब की तस्करी करने का यह अंदाज देख पुलिस भी हैरान हो गई। गुप्त सूचना पर की गई इस कार्रवाई के बाद पुलिस मौके से गिरफ्तार किए गए ट्रक के चालक और खलासी पूछताछ में डिटेल जुटाने में लगी है।

पुलिस शराब माफियाओं तक पहुंचने की कोशिश में है। पकड़े लोगों में ट्रक चालक गुरमीत सिंह और बलदेव सिंह दोनों राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि हमलोगों को अचानक बुलाया गया। कहा गया कि ट्रक का चालक अचानक कहीं बाहर चला गया है। इस ट्रक पर मुंगफली लदी है। इसको हाजीपुर के औद्योगिक क्षेत्र में पहुंचाना है।

मुझे पता होता कि इस गाड़ी पर शराब लदी है तो मैं गाड़ी लेकर आता ही नहीं। इस संबंध में औद्योगिक थाने के अवर निरीक्षक अनिल पांडेय ने बताया कि पटना मद्य निषेध विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि औद्योगिक थाना क्षेत्र में शराब की एक बड़ी खेप लाई गई है। सूचना मिलते ही पटना मद्य निषेध की टीम औद्योगिक थाना पर पहुंची। औद्योगिक थाना प्रभारी को टीम ने इस मामले की जानकारी दी। इसके बाद पटना मद्य निषेध की टीम एवं औद्योगिक थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की और थाना क्षेत्र के नाईपर के समीप छापेमारी कर एक महाराष्ट्र नंबर के 14 चक्का ट्रक बरामद किया।

### मूंगफली से भरे बोरे के नीचे छिपाई गई थी शराब

तलाशी के दौरान मूंगफली के भरे बोरे के पीछे छिपाकर रखा गई भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। इधर, पुलिस को अचानक देखकर भाग रहे ट्रक चालक और खलासी को भी पुलिस ने धर दबोचा। पकड़े गए दोनों शराब तक्करों से पूछताछ के कारण शराब से लदे ट्रक और दोनों शराब तक्करों को गिरफ्तार कर औद्योगिक थाना लाया गया। ट्रक में छिपाकर लाई गई 946 कार्टन विदेशी शराब बरमाद की गई। बरामद शराब के सभी कार्टन पर सेल फॉर ऑनली हरियाणा अंकित था। बरामद शराब की कीमत लगभग एक करोड़ से अधिक बतायी जा रही है। पकड़े गए शराब के दोनों तस्करों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

### पुलिस थाने में प्रेमी और प्रेमिका का हाई वॉल्टेज ड्रामा, रेप और मारपीट के केस दर्ज ; युवक गिरफ्तार

**पटना , एजेंसी।** बिहार के पटना में एक प्रेमी जोड़े ने पुलिस थाने में ही भिड़ गए। जक्कनपुर थाने में मंगलवार की शाम प्रेमी-प्रेमिका का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। हंगामा के बाद पुलिस ने प्रेमी सनी कुमार यादव को हिरासत में ले लिया। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ़ मारपीट करने और रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी गई है। प्रेमिका ने प्रेमी पर रेप का केस भी कर दिया। जक्कनपुर थानेदार एचएन सिंह ने मंगलवार को बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तरफ से आवेदन मिला है। लड़की के बयान पर आरोपी युवक के उपर दुष्कर्म और मारपीट की एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि लड़के की शिकायत पर प्रेमिका पर मारपीट की एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी सनी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं युवती को धारा 41 के तहत नोटिस देकर छोड़ दिया गया। जक्कनपुर थाना इलाके की रहने वाली युवती ने आरोप लगाया है कि फुलवारीशरीफ नगर निगम कॉलोनी के रहने वाले सन्नी के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के लिए मार्च में दोनों की सगाई होने वाली थी। आरोप है कि इसी बीच प्रेमी का दूसरी लड़की के साथ प्रेम-प्रसंग चलने लगा। इसके बाद सनी ने शादी करने के लिए 20 लाख रुपये की मांग की। युवती ने बताया कि सनी को उसने दूसरे लड़की के साथ पकड़ा है। इसे देखकर आरोपित ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके सिर पर चोट लगी। वहीं आरोपित ने आवेदन देकर कहा है कि युवती उससे बराबर पैसे की मांग करती थी और शादी करने के लिए जबरन दबाव बना रही थी। उसके साथ मारपीट भी करती थी।

# राशि निकालकर घर नहीं बनाने वाले लाभुकों पर नीलाम पत्र दायर की प्रक्रिया शुरू, हड़कंप

## पीएम ग्रामीण आवास व आवास प्लस योजना से जुड़ा है मामला

चाणक्य भूमि। पताही

प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास व आवास प्लस योजना के माध्यम से राशि निकालकर घर नहीं बनाने वाले लाभुकों से प्रशासन ने पैसा वसूल करने के लिए नीलाम पत्र दायर करना शुरू कर दिया है। प्रखंड के 33 लाभुकों ने तीनों किस्त की राशि की निकासी कर ली। वहीं एक ईंट भी नहीं जोड़ा। लाभुक के खाते में राशि भेजने से पूर्व आवास सहायक की रिपोर्ट से उनकी कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा हो होने लगा है। प्रखंड के आवास पर्यवेक्षक चंचल कुमार के अनुसार इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2021-22 तक प्रधानमंत्री आवास और आवास प्लस योजना के तहत कुल 7180 आवास बनाने की स्वीकृति मिली थी। लाभुकों के खाते में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि भी चली गई। परंतु खाते में राशि पहुंचने के बाद भी 7147 लाभुक ही आवास पूर्ण कर पाए हैं। जबकि 33 लाभुक राशि लेकर भी आवास पूरा नहीं किया है। बताते चले कि प्रखंड की सभी पंचायत में ऐसे मामले हैं। जहां राशि लेकर लाभुक आवास पूर्ण नहीं किए हैं। बैंक खाता में प्रथम व द्वितीय किश्त की राशि जाने के बावजूद आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों के विरूद्ध अब प्रशासन की ओर से नीलाम पत्र दायर किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति तब है, जब डीएम सहित जिला के सभी पदाधिकारी सप्ताह में दो दिन प्रखंड के पंचायतों का दौरा कर सरकारी योजनाओं की पड़ताल स्थल पर पहुंच कर रहे हैं।

- 33 लोगों ने योजना की राशि लेकर नहीं बनाया घर
- नोटिस का जवाब नहीं मिला, तो वसूली जाएगी राशि



**यह है लाभार्थी, जिन्होंने राशि लेकर नहीं बनाया घर-** राशि लेकर आवास पूर्ण नहीं करने वाले प्रखंड के लाभार्थियों में रकीबा खातून, प्रवेज़, सैमसन नेसा, समीमा खातून, कृष्णा देवी, कुमारी देवी, शांति देवी, विश्वनाथ साह, विपिन उपाध्याय, विमल कुमार, कोशिला देवी, सुमिया देवी, अंगूरी खातून, नैना देवी, सुंदरमिला देवी, शीला देवी, उर्मिला देवी, रेनू देवी, पुष्पा देवी, निर्मला देवी, सुनैना देवी, सीमा देवी, पूनम देवी, रूपसागर देवी, रामकली देवी, रानी, मनिता देवी, रेनू देवी, अनिता झा, नन्हक सहनी, बचन देवी व बबुनी देवी शामिल है। इन सभी 33 लाभुकों के विरूद्ध निलाम पत्र की प्रक्रिया की जा रही है।

**तीन किस्त में दिया गया था पैसा-** इसके बाद भी लाभुक अगर घर नहीं बनाते हैं, तो राशि वसूल करने की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार की वजह से नीचले स्तर के कर्मी भी मन मुताबिक रिपोर्ट देते हैं, जो हकीकत से काफी दूर होता है। लाभुकों को तीन किस्त में राशि आवंटित की जाती है। हर किस्त का भुगतान तभी होता है, जब एक कार्य पूरा हो गया हो। इसकी रिपोर्ट आवास सहायक लाभुक के मकान के साथ फोटो खिंचवाकर देते हैं। लेकिन, कई मामलों में ये गलत रिपोर्ट लगा देते हैं। इसलिए लाभुकों के बयान पर अधिकारियों तथा आवास सहायकों पर भी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

- पूर्व आवास सहायक की कार्यशैली पर उठ रहा सवाल
- ब्याज सहित राशि की जाएगी वसूल: बीडीओ

### विभागीय कार्रवाई शुरू: बीडीओ

*प्रखंड विकास पदाधिकारी सम्राट जीत ने बताया कि सभी के विरोध विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शत प्रतिशत लाभुकों का आवास पूर्ण हो, इसके लिए लगातार सभी पंचायतों का दौरा कर निर्देशित किया जा रहा है। राशि लेकर आवास पूर्ण नहीं करने वालों के विरूद्ध वसूली करने के लिए नीलाम पत्र दायर किया गया है।*

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनियमियत्ता बर्दास्त नहीं:सीडीपीओ पूनम



**चाणक्य भूमि बेतिया।(कनकलता) बेतिया।** आंगनबाड़ी केंद्र पर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नही की जायेगी।सीडीपीओ ने यह बाते बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यालय मझौलिया में सैकड़ो की संख्या में पहुंची सेविका और सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा।उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओ की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि प्रत्येक केंद्रों पर अब कुकिंग गैस मुहैय्या किया जायेगा।उन्होंने इसके लिए फार्म भरने की बात कही।मौके पर सेविकाओं ने अपने केंद्रों की समस्याओं के बारे में सीडीपीओ को जानकारी दी जिसका तत्काल निराकरण किया गया।पूरा दफ्तर सेविका सहायिकाओं से भरा रहा।गुलजार रहा सीडीपीओ कार्यालय।कार्यालय प्रधान लिपिक अनीश ने बताया कि कनेक्शन के लिए फार्म भरे जा रहे है।आंगनबाड़ी सेविका और सेविकाओं में उत्साह देखा गया।

# 25 हज़ार का इनामी बगहा पुलिस के हत्थे चढ़ा

**चाणक्य भूमि बेतिया।** 25 हज़ार का इनामी अपराधी को बगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। दो संगीन मामलों में बगहा पुलिस लंबे समय से इसकी तलाश कर रही थी। बिहार एसटीएफ के साथ मिलकर डीआईयू की टीम ने भैरोगंज थाना क्षेत्र के चौतरवा डोम पड़ाव के रहने वाले फरार चल रहे रांची राम उर्फ राजेश राम को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज़ ने बताया की गिरफ्तार रांची राम को पूर्वी चंपारण के बंजरिया से पकड़ा गया है। कुख्यात डकैत रांची राम की गिरफ़्तारी में शामिल पुलिस टीम को बगहा एसपी सुशांत सरोज़ ने पुरस्कृत भी करने की घोषणा किया है।फिलहाल पुलिस इस बड़ी सफलता से राहत महसूस कर रही है।

# योग्य किसानों को मिले योजनाओं का लाभ- जिलाधिकारी

## बैठक मे जिलाधिकारी ने यांत्रिकरण मेला का बेहतर तरीके से आयोजन कराने का दिया निर्देश। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

चाणक्य भूमि । बेतिया



जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कृषि यांत्रिकरण 2023-24 अंतर्गत डीएलईसी की समीक्षा की गई एवं जिलास्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला के आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि यांत्रिकरण मेला का आयोजन बेहतर तरीके से किया जाय। ज्यादा से ज्यादा किसान इस मेले में भाग लें, इसे सुनिश्चित किया जाय। लक्ष्य के अनुरूप किसानों को लाभान्वित किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा गरमा बीज अंतर्गत आवंटन होने के पश्चात नियमानुसार बीज वितरण कराने का निर्देश दिया गया। कृषि क्लिनिक हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया। आत्मा अंतर्गत एटीएम/बीटीएम के चयन सूची पर विचार किया गया। पीएम किसान योजना अंतर्गत अयोग्य लाभुकों से राशि वापसी हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। स्वयं पंजीकृत किसान आवेदन सत्यापन की प्रक्रिया पर संबंधित प्रखंड को निर्देश दिया गया ताकि प्रखण्ड/अंचल स्तर पर लंबित कार्यों का ससमय निष्पादन हो सके। जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाय। वितीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्य को समय पूरा किया जाय। योजनाओं का लाभ योग्य किसानों को ही मिले, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, श्री प्रवीण कुमार राय, परीक्ष्यमान वरीय उप समाहर्त्ता, श्रीमती नगमा तबस्सुम, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# रील बनाने में दो युवकों की ट्रेन से कटकर मौत

## दोनो युवको के परखच्चे उड़ गये कान में ईयर फ़ोन लगाकर बना रहे थे रील सेनुअरिया के अमवा वार्ड 08 के थे रहने वाले पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंपा

चाणक्य भूमि बेतिया।(कनकलता)।



परसा रेलवे हाल्ट के निकट बहुअरवा रेलवे गुमटी के निकट ट्रेन की चपेट में आने से बुधवार की सुबह दो नाबालिग दोस्तो की मौत हो गयी।घटना बहुअरवा रेलवे गुमटी 178 "सी " के निकट की है।मझौलिया थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों मृतको की पहचान सेनुअरिया पंचायत के अमवा बैरागी टोला निवासी सुरेंद्र महतो के पुत्र सूरज कुमार (18)वर्ष और अमेरिका महतो के पुत्र कन्हैया कुमार (16) वर्ष के रूप में हुई है। दोनो दोस्त बहुअरवा रेलवे गुमटी के पास रेलवे ट्रैक पर कान में ईयर फ़ोन लगाकर रील बना रहे थे।एक ट्रैक पर मालट्रेन जा रही थी।दोनो दोस्त दूसरे ट्रैक पर कान में ईयर फ़ोन लगाकर रील बना रहे थे, तभी सुपर फास्ट ट्रेन दूसरे ट्रैक पर आ गयी। दोनोभाग नही पाये और तेज रफ्तार सप्तक्रांति ट्रेन की चपेट में आ गये।दोनो का सर और धड़ अलग हो गया।शरीर के परखच्चे उड़ गये। सूचना पर पहुंची घटना स्थल पर मझौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में जीएमसीएच बेतिया भेजा।दोनो मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा। महंगा पड़ा कान में ईयर फ़ोन डालकर रेलवे ट्रैक पर रील बनाना। दोनो युवको की मौत से गावं में पसरा है मातमी सन्नाटा रील बनाने के क्रम में ट्रेन हादसे में मृत दोनो युवको के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया।मृत युवको में कन्हैया कुमार दो भाई और दो बहन है। दोनो बहनें रौशनी कुमारी औरअनिता कुमारी छोटी है।भाई के क्षत विक्षत शव को देखकर रोते रोते इनका बुरा हाल है। कन्हैया के पिता राजमिस्त्री का काम करते है,जो फिलहाल बाहर है।उनके आने के बाद शव का अंत्येष्टि किया जायेगा।घर की माली स्थिति भी अच्छी नही है।कन्हैया कुमार पढ़ा लिखा नही था।लेबर का काम करता था।कन्हैया और सूरज गहरे दोस्त थे।अक्सर खाना पीना साथ ही करते थे।ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक दोनो गांजा पीने के आदी थे तथा दोनो को रील बनाने का शौक था। रील बनाने के चक्कर मे दोनों तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गये।इंस्पेक्टर श्री मिश्र बताते है कि क्षत विक्षत शव को बड़ी मुश्किल से चादर में इकट्ठा कर पोस्टमार्टम में भेजा गया।

# बगहा के पतिलार में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन,उमड़ी भीड़

चाणक्य भूमि,सम्बाददाता



**बगहा।** बगहा एक के पतिलार पंचायत में बुधवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें लगभग तीन सौ लोगो का आंख का जांच किया गया। उक्त शिविर का आयोजन मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा के द्वारा किया गया।जिसमे देवंती देवी एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट द्वारा संचालित शिव ज्योति आंख अस्पताल के द्वारा आंख के रोगियों का इलाज निशुल्क किया गया। डॉ अभिषेक मिश्रा ने बताया की पंचायत सहित आसपास के गांव के बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के द्वारा बार-बार आंख की समस्याओं के बारे में बताया जा रहा था। जिसको देखते हुए अस्पताल से बात हुई और अस्पताल से डॉक्टरों की पूरी टीम पंचायत में आई। जिसमें जापानी मशीनों के द्वारा मोतियाबिंद, काला पानी, पर्दे की जांच सहित आँख से संबंधित अन्य रोगों का जांच किया गया। साथ ही जिनके आंख में मोतियाबिंद की परेशानी है उनका पंजीकरण किया गया। उन्होंने बताया की जांच के बाद पंचायत से अस्पताल में लेकर जाने की व्यवस्था से लेकर खाना दवा चश्मा रहना लेंस इत्यादि की सारी व्यवस्थाएं निशुल्क प्रदान की जाएगी।

# बेतिया पुलिस द्वारा की गई कार्यवाई का विवरण

**चाणक्य भूमि बेतिया।** बेतिया पुलिस द्वारा दिनांक 06.02.2024 को विभिन्न कांडों में कुल 63 गिरफ्तारियां की गई है जिसमें पुलिस पर हमला में 03 एवं अनु० जाति /जन जाति अधिनियम में 01 गिरफ्तारियां की गई है। इसके साथ 01 लीटर देशी शराब , 4.125 लीटर विदेशी शराब , 02 मोटरसाइकिल , 01 मोबाइल एवं 01 डाईगर चाकु बरामद की गई । इसके अतिरिक्त बेतिया जिला पुलिस द्वारा दिनांक-06.02.2024 को अपराध नियंत्रण एवं निवारण के क्रम में वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन के विरुद्ध दंड स्वरूप कुल 82,500 का चालान काटा गया।

# जिलाधिकारी के कार्य करने का तरीका ही शानदार, तो समस्या क्यों नहीं सुनेगी सरकार

चाणक्य भूमि। बेतिया



पश्चिमी चंपारण जिले के 18 प्रखंडों का भ्रमण करने वाले जिले के प्रथम जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय आम लोगों की समस्या सरकार तक पहुंचने में अव्वल साबित हो रहे हैं। जिलाधिकारी के कार्य करने के तौर तरीकों से आम लोगों में खुशी है। जिले के अन्य विभाग के पदाधिकारी भी जिलाधिकारी से सीख लेकर अपने कर्तव्य को बखूबी निभा रहे हैं। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय जिले के सभी प्रखंडों के विभागों का समीक्षा स्वयं करते हैं। जिलाधिकारी के मॉनिटरिंग से विभागों में पारदर्शिता बढी है। पश्चिमी चंपारण जिले के आम लोगों के लिए जिलाधिकारी ने प्रत्येक सप्ताह में शुक्रवार का दिन लोगों से मुलाकात के लिए निर्धारित किए हैं। शुक्रवार के दिन जिले के दूर दराज प्रखंडों से भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर अपनी समस्या से जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय को अवगत कराते हैं। जिलाधिकारी के जनता दरबार में आने वाले समस्याओं का निपटारा 15 दिन के अंदर संबंधित विभाग के द्वारा कर दिया जाता है। इसी कारण जिले के लोगों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ा है।लोगों को नियम संगत कानून की कार्रवाई से न्याय मिल रहा है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जन संवाद के द्वारा जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय सभी प्रखंडों में दो दो बार जाकर जनता से रूबरू हो चुके हैं। जनसंवाद के द्वारा लोग बिहार सरकार की तरफ से चल रही सभी विभागों के जन कल्याणकारी योजनाओं से परिचित हो चुके हैं। जनसंवाद के द्वारा ही आम जनता जिलाधिकारी के सरल स्वभाव सहनशीलता एवं कार्य शैली से परिचित हो चुकी है। जिलाधिकारी आम लोगों की समस्या गंभीरता पूर्वक सुनते हैं। लोग अपनी समस्या जिलाधिकारी को बढ़ाकर आप्लावित हो जाते हैं।

# क्रिकेट: चिरैया ने कल्याणपुर को तीन विकेट से हराया

- सात दिवसीय नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

चाणक्य भूमि। तुरकौलिया

प्रखंड अंतर्गत सेमराटोला पशुरामपुर स्टेडियम में सात दिवसीय नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समाजसेवी कमरूद्दीन अंसारी ने फीटा काटकर व बैटिंग कर किया। पहला मुकाबला सुनील इलेवन क्रिकेट कल्ब चिरैया और आदर्श स्पोर्ट्स क्लब कल्याणपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर कल्याणपुर की टीम ने बैटिंग शुरू किया। 20 ओवर के खेल में 17.5 ओवर में 177 रन पर ही सभी खिलाड़ी ऑल आउट हो गई। जवाब में उतरी विपक्षी टीम चिरैया ने 15.5 ओवर में 179 रन बनाते हुए तीन विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार चिरैया टीम के रोहित कुमार को दिया गया। वहीं रोहित कुमार को ही हैट्रिक छक्का लगाने पर समाजसेवी कमरूद्दीन अंसारी की तरफ से 2 हजार का प्रोत्साहित राशि भी दी गई। अंपायर की भूमिका में नूरुल होदा व आदित्य तिवारी मौजूद थे। वही कमेंटेटर की भूमिका राजा बाबू ने निभाई। क्रिकेट टूर्नामेंट आदर्श स्पोर्ट्स क्लब सेमराटोला परशुरामपुर के सौजन्य से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया गया है। आयोजन कमिटी के अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, सचिव मोअज्जम आरिफ व कोषाध्यक्ष अध्यक्ष नौशाद आलम खेल के दौरान सक्रिय भूमिका में थे। ताकि, शांतिपूर्ण माहौल में खेल संपन्न हो सकें। गुरुवार का मैच केसरिया व पिपरा टीम के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज के अलावा पकड़ीदयाल, कोटवा, तुरकौलिया सहित कई प्रखंडो का टीम को न्यौता दिया गया है।




# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 फरवरी से,सफलता को लेकर हुई बैठक



चाणक्य भूमि।बेतिया

ठकराहा प्रखंड कार्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बीएलटीएफ की एक बैठक आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत सिंह ने किया। बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रखंड ठकराहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा प्रभारी अशोक पांडे ने 10 फरवरी से होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी अशोक पांडे ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों में जाएगी उसके बाद प्रखंड के सभी पंचायत में कैंप लगाकर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। फाइलेरिया के सही जांच के लिए रात्रि के समय ब्लड लेना ज्यादा कारगर साबित होगा। क्योंकि फाइलेरिया के कीटाणु रात्रि में ज्यादा सक्रिय होते हैं इस समय सैंपल लेना सही रहता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी,एएनएम, जीएनएम एवं स्वास्थ्य विभाग के कर में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

# भाजपा ने चंद सांसदों की लालच में बिहार को नीतीश कुमार के हवाले कर दिया

**• जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय ठाकुर ने कहा कि वोट की चोट से 2025 के चुनाव में दलबदलुओं को खदेड़ भगायेंगे बिहारी**
**• कांग्रेस ने कुछ सांसदों के लालच में बिहार को लालू यादव के हवाले बेच दिया ठीक उसी तरह आज़ भाजपा ने चंद सांसदों की लालच में बिहार को नीतीश कुमार के हवाले कर दिया है**



चाणक्य भूमि। पटना

बिहार की जनता आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से भाजपा, जदयू, राजद और कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ कर इन सभी दलबदलुओं और पलटू रामों से बिहार को बचाएगी। इन दलों ने सत्ता हथियाने के चक्कर में बिहार को रसातल में पहुंचा दिया है। इन दलों के नेताओं को केवल अपनी कुर्सी की चिंता है, बिहारियों की चिंता रत्ती भर नहीं है। उक्त बातें आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा है कि दुनिया जानती है कि नीतीश कुमार पलटूराम हैं, परन्तु उससे भी बड़े पलटूराम नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा हैं। इन लोगों ने बिहार की जनता के सामने कहा था कि नीतीश कुमार और जदयू के लिए भाजपा का दरवाजा बंद है। किंतु इनका पलटना देखिए। इन लोगों ने बिहार की सत्ता बदल दी। राजद की स्थिति भी वही है। जब सभी जानते हैं कि नीतीश कुमार पलटने का रिकॉर्ड बना चुके हैं, अविश्वसनीय है तो फिर उन्हें साथ लेकर मुख्यमंत्री क्यों बना देते हैं? श्री ठाकुर ने कहा है कि बिहार की जनता सब देख रही है और ठगा महसूस कर रही है। श्री ठाकुर ने आरोप लगाया कि जिस तरह इन दलों और नेताओं ने बिहारियों को बेवकूफ बनाया है जिसका जबाब आगामी विधानसभा चुनाव में सभी बिहारी अपने वोट की चोट से देंगे और इन सभी दलबदलुओं की मिट्टी पलीद कर प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जन सुराज की सरकार बनायेंगे। श्री ठाकुर ने कहा है कि भाजपा, जदयू, कांग्रेस और राजद को कभी बिहार के विकास की चिंता नहीं रही। शिक्षा व्यवस्था चौपट है, बेरोज़गारी से बिहार के युवा त्रस्त हैं, खेती किसानी घाटे का कारोबार बना हुआ है और रोजगार के अभाव में लोगों का दूसरे प्रदेशों में पलायन निरंतर जारी है। इन नेताओं और दलों को इसकी चिंता नहीं है, बल्कि सत्ता की हेराफेरी और कुर्सी की चिंता है। उन्होंने कहा है कि जिस प्रकार कांग्रेस ने पूर्व में कुछ सांसदों के लालच में बिहार को लालू यादव के हवाले कर बिहारियों को अपनी किस्मत पर रोने के लिए छोड़ दिया था, ठीक उसी तरह भाजपा ने पलटूराम नीतीश कुमार के हवाले बिहार को कर बिहारियों को अपमानित किया है। एक शिथिल, नाकाबिल, जनता से रिजेक्टेड नीतीश कुमार को आगे कर जिस क्षुद्र राजनीति की नींव भाजपा ने बिहार में डाली है और चंद सांसदों के लालच में नीतीश कुमार के हवाले बिहार को कर दिया है उससे बिहार के मतदाता एक बार फिर अपमानित हुए हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि जनता सब देख- समझ रही है और वोट के इंतजार में है। श्री ठाकुर ने स्पष्ट किया है कि प्रशांत किशोर का कुशल नेतृत्व बिहार की आवश्यकता बन गई है। सभी को जनता देख चुकी है और अब जन सुराज पर भरोसा है। जन सुराज और उसके प्रणेता प्रशांत किशोर के नेतृत्व में ही बिहार और बिहारियों का कायाकल्प संभव है। इन जातिवादी और धर्मवादी पार्टियों और उनके नेताओं ने बिहार की दुर्दशा कर दी है।

## आसपास है दोनो दोस्तो का घर





### दोनो युवको की मौत से गावं में पसरा है मातमी सन्नाटा

चाणक्य भूमि। बेतिया

रील बनाने के क्रम में ट्रेन हादसे में मृत दोनो युवको के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया।मृत युवको में कन्हैया कुमार दो भाई और दो बहन है। दोनो बहनें रौशनी कुमारी औरअनिता कुमारी छोटी है।भाई के क्षत विक्षत शव को देखकर रोते रोते इनका बुरा हाल है। कन्हैया के पिता राजमिस्त्री का काम करते है,जो फिलहाल बाहर है।उनके आने के बाद शव का अंत्येष्टि किया जायेगा।घर की माली स्थिति भी अच्छी नही है।कन्हैया कुमार पढ़ा लिखा नही था।लेबर का काम करता था।कन्हैया और सूरज गहरे दोस्त थे।अक्सर खाना पीना साथ ही करते थे।ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक दोनो गांजा पीने के आदी थे तथा दोनो को रील बनाने का शौक था। रील बनाने के चक्कर मे दोनों तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गये।इंस्पेक्टर श्री मिश्र बताते है कि क्षत विक्षत शव को बड़ी मुश्किल से चादर में इकठ्ठा कर पोस्टमार्टम में भेजा गया।

## कांड संख्या 237/23 के अभियुक्त समेत तीन गिरफ्तार

चाणक्य भूमि। बेतिया

लौरीया थाना ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घर में आग लगा कर घर और उसमे रखे सामान को जला देने के मामले के एक प्राथमिकी नाम जद अभियुक्त सहित तीन आरोपियों को जेल भेज दिया । इस सम्बंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि विगत वर्ष परोरहा गांव में एक घर में आग लगा कर घर और उसमे रखे सामान को जला देने के आरोप में लौरिया थाना कांड संख्या 237/23 दर्ज हुआ था। जिसमे प्राथमिकी नाम जद अभियुक्त वसंत शर्मा पिता पुनदेव शर्मा वांछित था। आज गुप्त सूचना मिली कि अभियुक्त घर पर है जिसपर कारवाई करते हुये अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया जबकि पूर्व के कई कांडो के वारंटी प्रदीप भगत पिता स्वर्गीय अशर्फी भगत ग्राम लौरिया मिश्रटोला और शराब के नशे में चूर होकर घर में मारपीट करने वाले विनोद राम पिता सीता राम ग्राम कर्पूरी आश्रम लौरिया सभी थाना लौरिया जिला पश्चिम चंपारण बेतिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## नगर निगम के निर्माण कार्यो में अनियमितता का महापौर ने किया खुलासा

**• नगर निगम के वार्ड 26 में हो रहे घटिया नाला निर्माण को ऑन स्पॉट पहुंचकर महापौर ने रोका**
**• न्यू कॉलोनी के वासियों की शिकायत पर मुहल्ले में पहुंचीं महापौर ने जेई को तलब कर की त्वरित कार्रवाई**
**• नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जारी करोड़ों की योजनाओं के जारी निर्माण कार्य पर जनता से नजर रखने की थी अपील,**



चाणक्य भूमि। बेतिया

नगर निगम के वार्ड 26 अंतर्गत न्यू कॉलोनी के नाला निर्माण में लोकल सफेद बालू से हो रहे घटिया निर्माण की शिकायत मिलने पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया बुधवार को ऑन स्पॉट पहुंच गईं। नया टोला मुहल्ले में करीब पांच लाख की लागत निर्माणाधीन आरसीसी नाला निर्माण में सफेद लोकल बालू और घटिया मेटेरियल्स का उपयोग कर के प्राक्कलन से कम चौड़ा नाला निर्माण की शिकायत करने वाले बबलू कुमार, मोनू , राजू प्रसाद, बंटी कुमार, लाल साहब सिंह आदि ने मौके पर पहुंचीं महापौर को बताया कि इससे पूर्व उन लोगों ने नगर निगम कार्यालय जाकर जेई मनीष कुमार से इसकी शिकायत की थी। दो दिन पहले योजना स्थल पर पहुंच कर शिकायत को सही पाकर काम को रोक कर लोकल बालू आदि कार्य स्थल से हटाने का आदेश दिया था। लोगों ने यह भी बताया कि योजना के दबंग ठेकेदार ने जेई की निर्देश को धत्ता बताते हुए 70 से 80 फीट की लम्बाई में घटिया मेटेरियल्स से नाला निर्माण करा दिया गया है। लोकल बालू से हो रहे घटिया नाला निर्माण कार्य को तत्काल रोकने का आदेश देते हुए महापौर ने मुहल्लेवासियो का धन्यवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में करोड़ों की राशि से स्वीकृत योजनाओं का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड में अमानक या खराब निर्माण होने पर आम जनता से नजर रखने की बहुत जरूरत है। श्रीमती सिकारिया ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सरकार की विकास योजनाओं खर्च हो रही कोई भी राशि आम जनता की है। इस लिए इस पर लाभुक जनता नजर रखे मैं कोई भी शिकायत मिलने पर वे जरूर पहुंचेगी।












## सोशल मीडिया पर रील बनाने में दो युवकों की ट्रेन से कटकर मौत





**• दोनो युवको के परखच्चे उड़ गये**
**• कान में ईयर फ़ोन लगाकर बना रहे थे रील**
**• सेनुअरिया के अमवा वार्ड 08 के थे रहने वाले**
**• पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंपा**

चानक्य भूमि। बेतिया(कनकलता)

**बेतिया**। परसा रेलवे हाल्ट के निकट बहुअरवा रेलवे गुमटी के निकट ट्रेन की चपेट में आने से बुधवार की सुबह दो नाबालिग दोस्तो की मौत हो गयी।घटना बहुअरवा रेलवे गुमटी 178 “सी “ के निकट की है।मझौलिया थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों मृतको की पहचान सेनुअरिया पंचायत के अमवा बैरागी टोला निवासी सुरेंद्र महतो के पुत्र सूरज कुमार ( 18 )वर्ष और अमेरिका महतो के पुत्र कन्हैया कुमार ( 16 ) वर्ष के रूप में हुई है।दोनो दोस्त बहुअरवा रेलवे गुमटी के पास रेलवे ट्रैक पर कान में ईयर फ़ोन लगाकर रील बना रहे थे।एक ट्रैक पर मालट्रेन जा रही थी।दोनो दोस्त दूसरे ट्रैक पर कान में ईयर फ़ोन लगाकर रील बना रहे थे, तभी सुपर फास्ट ट्रेन दूसरे ट्रैक पर आ गयी। दोनोभाग नही पाये और तेज रफ्तार सप्तक्रांति ट्रेन की चपेट में आ गये।दोनो का सर और धड़ अलग हो गया।शरीर के परखच्चे उड़ गये। सूचना पर पहुंची घटना स्थल पर मझौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में जीएमसीएच बेतिया भेजा।दोनो मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा। महंगा पड़ा कान में ईयर फ़ोन डालकर रेलवे ट्रैक पर रील बनाना।

## लोक शिकायत निवारण कार्यालय बगहा हुआ 15 मामलों का निष्पादन



चाणक्य भूमि। बेतिया

अनुमण्डलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय बगहा में आज शिकायतों की सुनवाई की गई। आज की सुनवाई में कुल 37 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 15 मामलों का फैसला किया गया। अनुमण्डलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार के अनुसार जिन 37 मामलों की सुनवाई की गई उनमें राजस्व के 23, पुलिस के 3, समाज कल्याण विभाग के 2 के साथ ही अन्य 9 मामलों की सुनवाई की गई। जिसमें 15 मामलों की निवारण किया गया।






## पिरामल फाउंडेशन के सौजन्य से फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर मझौलिया में रैली




चाणक्य भूमि। बेतिया (कनकलता)

**बेतिया**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया में स्कूली छात्राओं और आशा कार्यकर्ताओं ने पिरामल फाउंडेशन की ओर से फाइलेरिया अभियान को सफल बनाने के लिये जागरुकता रैली निकाली।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.ओमप्रकाश ने कहा कि 10 तारीख से शुरू हो रहे मैस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अंतर्गत, लोगों को दवा खाने के लिए जागरूक किया गया है। यह कदम स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोगी पहल के रूप में देखा जा रहा है। जिससे समुदाय के सभी वर्गों को इस बीमारी से निपटने का सामूहिक संकल्प मिलेगा।यह समुदाय को सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर बीसीएम राजेश कुमार, बीएचएम शकील अहमद ,पिरामल संस्था से अभिनव कुमार , श्रवण कुमार, डब्लू एचओ से नितेश्वर कुमार आशा फेसिलेटर साजदा खानम,आशा कार्यकर्ता कांति देवी,कनक देवी,दुर्गा देवी,अफ़साज बेगम समेत भारी संख्या में आशा शामिल हुई।बताते चले कि आगामी 10 फरवरी से शुरू होनेवाले फाइलेरिया अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफी सख्त हो गया है।पिछले दिनों सतभीड़वा एचएससी पर सीएचओ पूनम कुमारी ने आशा कार्यकर्ताओं को फाइलेरिया के बारे में जानकारी दी।एएनएम कुमारी सुदामा सिंह ने टीकाकरण में लगातार फाइलेरिया में डोर टू डोर दवा खिलाने को लेकर जागरूक कर रही है।

# विश्व कैंसर दिवस पर सदर अस्पताल से निकाली गई जागरूकता रैली

**10 फरवरी तक ओपीडी में होगी विशेष रूप से स्क्रीनिंग गलत खान- पान, रहन सहन के कारण बढ़ रहा है कैंसर का खतरा, धूम्रपान व तंबाकू उत्पाद के सेवन से करें परहेज**



चाणक्य भूमि। मोतिहारी (पंकज कुमार)।

वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर जिले के सदर अस्पताल परिसर से ए एन एम व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इसे सिविल सर्जन डॉ श्रवण कुमार पासवान द्वारा हरी झंडी दिखाकर विदा किया गया। इस रैली में सदर हास्पिटल के एनसीडी सेल के सभी सदस्य एवं पारामेडिकल छात्राएँ मौजूद थीं। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नारे भी लगाए गए।उपस्थित सभी लोगों को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई। सिविल सर्जन डॉ श्रवण कुमार पासवान ने कहा कि गलत खान- पान, रहन सहन के कारण कैंसर का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से प्रमुख है। कैंसर के कारण प्रत्येक वर्ष लाखों लोगों की मौत होती है। जिसमें पूरी दुनियां में हर छठी मौत कैंसर के कारण हो रही है। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विशेष रूप से 10 फरवरी तक ओपीडी में स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रहीं है। जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ पीके सिन्हा ने बताया कि सदर अस्पताल परिसर स्थित ओपीडी के कमरा में होमी भाभा कैंसर संस्थान सह शोध संस्थान की टीम द्वारा सुबह के 9 बजे से शाम के 5 बजे तक स्क्रीनिंग, उपचार के साथ ही जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान लोगों के मुंह, स्तन, गर्भाशय संबंधी कैंसर की स्क्रीनिंग के साथ मधुमेह, उच्च रक्तचाप के स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही विभिन्न गैर संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। डॉ पी के सिन्हा ने बताया कि कैंसर के खतरों से बचाव के लिए सावधानी व जागरूकता जरूरी है। संयमित जीवनशैली व उचित खान- पान, शराब, धूम्रपान व तंबाकू उत्पाद के सेवन से परहेज करने मात्र से कैंसर के खतरों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस रोग से संबंधित लक्षणों की समय पर पहचान और उचित जांच के बाद से कैंसर का इलाज संभव है। इस मौके पर सीएस डॉ श्रवण कुमार पासवान, डीएस डॉ अवधेश कुमार, डैम, डीपीसी, आशिष रंजन, डा० राहुल राज, होमी भाभा कैंसर संस्थान से सालिनी चौधरी,, डा० भाब्या, सोनी कुशवाहा पूनम कुमारी, चाँदसी कुमार, उत्कर्ष उज्जवल एवं ए एन एम स्कूल की छात्रा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714